बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

पत्रांक–07 / प्र०–01(पें०)–38 / 2026– पटना / दिनांक–

प्रेषक,

चन्दन कुमार मिश्र,
उप सचिव–2 (प्रबंधन)।

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं ह०),
वीरचन्द पटेल पथ, बिहार, पटना।

विषयः– श्री दीपक कुमार (आई०डी०–4497), सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता (कार्यकारी प्रभार), सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, मोतिहारी के पक्ष में पूर्ण पेंशन (40 प्रतिशत रूपांतरण सहित) एवं पूर्ण उपदान की स्वीकृति।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि सरकार ने श्री दीपक कुमार (आई०डी०–4497), सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता (कार्यकारी प्रभार), सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, मोतिहारी के पक्ष में पूर्ण पेंशन (40 प्रतिशत रूपांतरण सहित) एवं पूर्ण उपदान की स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में विहित प्रपत्र में उनसे प्राप्त आवेदन पत्र की दो मूल प्रति संबंधित पेंशन स्वीकृति पदाधिकारी के हस्ताक्षरोपरांत संलग्न है। श्री कुमार दिनांक 31.10.2026 को सेवानिवृत्त हो चुके है। उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर सूचित करना है कि श्री कुमार से संबंधित गृह निर्माण अग्रिम / मोटरकार / मोटरसाईकिल अग्रिम, विवाह, विविध एवं कम्प्यूटर अग्रिम बाकी / बेबाकी शून्य है, फिर भी आप अपने अभिलेखों से इसकी सम्पुष्टि कर लेंगे। प्रतिवेदन के अनुसार इनका विभागीय बकाया एवं सरकारी आवासीय बकाया शून्य है।

अतः अनुरोध है कि श्री दीपक कुमार, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता (कार्यकारी प्रभार), सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, मोतिहारी के पक्ष में वांछित प्राधिकार पत्र निर्गत करने की कृपा की जाय।

अनु०–यथोक्त।

1. (पेंशन प्रपत्र दो प्रति मूल में)
2. (जाँच पत्रक मूल में)

विश्वासभाजन,
ह० / –
(चन्दन कुमार मिश्र)
उप सचिव–2 (प्रबंधन)।

ज्ञापांक–07 / प्र०–01(पें०)–38 / 2026– पटना / दिनांक–

प्रतिलिपिः– कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, मुजफ्फरपुर को प्रेषित करते हुए प्रमाणित करना है कि श्री दीपक कुमार, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता (कार्यकारी प्रभार), सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, मोतिहारी को पूर्व में 90% औपबंधिक पेंशन स्वीकृत नहीं है।

ह० / –
उप सचिव–2 (प्रबंधन)।

ज्ञापांक–07 / प्र०–01(पें०)–38 / 2026– 4814 पटना / दिनांक– 03/11/2026

निबंधित

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, मोतिहारी / श्री दीपक कुमार, पता–शान्ति कुँज, नुनियाटोला, संजय पान दुकान वाली गली, अखाड़ाघाट रोड, मुजफ्फरपुर, पोस्ट–मुजफ्फरपुर प्रधान डाकघर, थाना–नगर, जिला–मुजफ्फरपुर, बिहार, पिन–842001, मो०–9470010551 / 7277643881 को सूचनार्थ प्रेषित।

2. कार्यपालक अभियंता, आई०टी०, जल संसाधन विभाग, सूचना प्रावैधिकी केन्द्र, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

02/11/26
उप सचिव–2 (प्रबंधन)।